प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रदेश के 3 दिव्यांगों समेत 33 को दिये राष्ट्रीय पुरस्कार : कहा– दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं, सम्मान की आवश्यकता।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिये काम करने वाले 19 लोगों को राज्य पुरस्कार से किया सम्मानित।**
3. **महाकुम्भ–2025 के लिए केंद्र सरकार ने 2100 करोड़ रुपए की विशेष अनुदान राशि को दी मंजूरी : एक हजार 50 करोड़ की पहली किस्त जारी, मुख्यमंत्री ने जताया आभार।**

**और**

4. **जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज हुआ समापन : समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विजेताओं को किया सम्मानित।**

———————

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुम् ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 33 प्रतिशत की दिव्यांगता वाले लोगों और संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। इनमें गौतमबुद्धनगर के अमर जैन, बरेली के अर्पण शर्मा, आगरा की हिमानी बुंदेला भी शामिल हैं। वहीं**

ग्रेटर नोएडा की मिंडा कारपोरेशन लिमिटेड को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर सवश्रेष्ठ नियोक्ता श्रणी में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि दिव्यांगजन सहानुभूति के पात्र नहीं बल्कि, सम्मान के पात्र है। बाइट......

*दिव्यांग होना किसी तरह की कमी नहीं है। ये एक विशेष अवस्था है। एक स्पेशल कंडीशन है। इस विशेष अवस्था के अनुसार विशेष सुविधाएं, उपकरण, ट्रेनिंग और काउंसिलिंग उपलब्ध कराने को सरकार द्वारा प्राथमिकता दी जा रही है। यह समाज की भी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमारे दिव्यांगजन को सिम्पैथी नहीं एम्पैथी चाहिए, कृपा नहीं, संवेदनशीलता चाहिए, स्पेशल अटेंशन नहीं, नेचुरल अफेक्शन चाहिए। समाज का ये दायित्व है की दिव्यांगजन को समाज के अन्य सदस्यों के साथ समानता, गरिमा और सम्मान का अनुभव हो।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 लोगों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया। लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 40 दिव्यांगों को सहायक उपकरण भी बांटे। कार्यक्रम में 75 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा

28 युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द और भावनाओं को सम्मान देकर उन्हें गरिमामयी पूर्ण तरोके से जीवन और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। श्री योगी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जुड़े अनेक कार्यक्रमों को सरकार ने आगे बढ़ाया है। बाइट....

*दो हज़ार सत्रह में आये थे तो केवल सात से आठ लाख दिव्यांगजनों को पेंशन मिलती थी प्रदेश में और वह भी तीन सौ रूपया और हम लोगों ने तीन सौ से बढ़ाकर इस राशि को एक हजार रुपया किया। आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता है ग्यारह लाख दिव्यांगजन प्रदेश के अंदर बारह हजार रूपये सालाना पेंशन की सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं और पैसा उनके अकाउंट में सीधे जाता है बीच का मध्यस्थ गायब। इसी लिए सरकार के साथ उसका तारतम्य स्थापित हुआ है।*

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में निर्माणाधीन पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण किया। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला वेटरिनरी हॉस्पिटल है। इस दौरान उन्होंने कहा कि ताल नदोर लगभग 100 एकड़ में प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और 52 एकड़ में बनने वाली कान्हा गोशाला को भी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक दायरे में लाया जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में संस्थापक सप्ताह की तैयारियों का जायज़ा भी लिया। महाराणा प्रताप

इंटर कॉलेज के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होगा।

———————

महाकुम्भ–2025 के लिए केंद्र सरकार ने 2100 करोड़ रुपए की विशेष अनुदान सहायता राशि देने को मंजूरी दे दी है। इस धनराशि की पहली किस्त के रूप में एक हजार 50 करोड़ रुपए जारी कर दिये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अनुदान राशि के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। महाकुम्भ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के बीच होगा। मेले के सकुशल आयोजन के लिए राज्य सरकार ने केंद्र से विशेष अनुरोध किया था। वहीं प्रदेश सरकार कुंभ के आयोजन पर लगभग पांच हजार 435 करोड रुपए खर्च कर रही है। महाकुम्भ के लिए 421 परियोजनाओं पर यह धनराशि खर्च की जारही है। महाकुम्भ के आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए इस बार कई नई पहल भी की जा रही है। आध्यात्म और संस्कृति के संगम में इस बार देश विदेश के श्रद्धालुओं के साथ बॉलीवुड के सितारे भी अपनी चमक बिखेरेंगे। पेश है एक रिपोट.......

*महाकुंभ में श्रद्धालु संगम में पवित्र डुबकी ही नहीं लगाएंगे, बल्कि बॉलीवुड के सितारों के संगम से भी सराबोर होंगे। महाकुंभ में परर्फीर्म करने वाले सितारों में गायक और संगीतकार शंकर महादेवन, कैलाश खेर, सोनू निगम,विशाल भारद्वाज, ऋचा शर्मा, जुबिन नौटियाल और श्रेया घोषाल जैसे नाम शामिल हैं। इन सितारों की प्रस्तुतियों के लिए गंगा पंडाल में शाम 4*

*बजे से रात 8 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इन कलाकारों की भक्तिमय प्रस्तुतियों की शुरुआत 10 जनवरी से ही हो जाएगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को शंकर महादेवन श्रद्धालुओं के बीच होंगे। वहीं 11 जनवरी को मशहूर लोक गायिका मालिनी अवस्थी अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्र मुग्ध करेंगी। लखनऊ समाचार कक्षा से तनवीर फातिमा।*

——————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**उत्तर प्रदेश अधोनस्थ सेवा चयन आयोग ने आशुलिपिक के छः सौ इकसठ पदों के लिये भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में आयोग की ओर स कल विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इन पदों के लिये 26 दिसम्बर से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। 25 जनवरी 2025 तक आवेदन किये जा सकेंगे। शुल्क समायोजन और आवेदन में संशोधन की अन्तिम तारीख एक फरवरी निर्धारित की गयी है।**

——————

स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रही काशी में पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए आज काशी एप लॉन्च किया गया। वाराणसी नगर निगम की ओर से जारी इस ऐप से काशी के मैप के साथ लाइसेंस और पार्किंग के टिकट भी ऑनलाइन लिय जा सकेंगे। इसके अलावा नगर निगम की ओर से दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी भी इस ऐप पर उपलब्ध रहेगी। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि काशी एप फिलहाल ट्रायल के लिए लांच किया गया है। जनवरी में इस ऐप को जनता के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

———————

भारतीय रेल ने कोहरे के चलते ट्रेनों को लेट होने और दुर्घटना से बचाने के लिए रेलगाड़ियों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाई है। यह जानकारी आज उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि फॉग सेफ्टी डिवाइस को अपग्रेड किया गया है और इसके नियमित जांच भी की जा रही है।

बाइट......

*रेलवे ने बहुत अच्छा अविष्कार किया था फॉग सेफ डिवाइस हर जो सेक्शन में सिग्नल आ रहा है कोई लेवल क्रॉसिंग फाटक आ रहा है, कोई स्पीड रिस्ट्रिक्शन आ रहा है उसके बारे में उसको जीपीएस मैपिंग के थ्रो उसमें फीडिंग की जाती है और वो ड्राइवर को उसको सचेत करता है। तो ड्राइवर में कॉन्फिडेंस भी आ जाता है जितना उसको दिख रहा है वो देखता*

*है और इससे सुन के वो रिएक्ट कर सकता है और गाड़ी को सही प्रकार से चला सकता है।*

———————

प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने आज जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया। लखनऊ के के डी सिंह बाबू स्टेडियम में एक दिसंबर से शुरू हुई इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 84 सर्वोदय विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 96 छात्राएं और 148 छात्र रहे। श्री अरुण ने प्रतियोगिताओं में सफल होने वाले छात्र–छात्राओं को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सर्वोदय विद्यालयों के बच्चों को हर क्षेत्र में शिक्षित करने का काम किया जा रहा है । बाइट......

*उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आश्रम पति विद्यालय जिनको सर्वोदय विद्यालय भी कहा जाता है। उनका गठन किया गया है और आदरणीय मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में लगातार प्रयास है कि हमारे बच्चे पढ़ाई में भी अच्छा करे। सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अच्छा करे और खेल में भी ये खेल प्रतियोगिता पहले मंडल स्तर पर हुई और उसके बाद में अब ये खेल प्रतियोगिता राज्य स्तर पर हो रही है। इसमें एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट्स किए जा रहे हैं और अगले साल सांस्कृतिक प्रतियोगिता करेंगे। एक साल सांस्कृतिक एक साथ खेल इस तरीके ऐसी परम्परा आगे बढ़ेगी।*

———————

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे के लिए मिर्ज़ापुर के 19 विद्यालयों की सूची जारी की गई है। सर्वे चार दिसंबर यानि कल होगा। नियम के अनुसार इन 19 विद्यालयों में से

किसी एक विद्यालय का चयन सर्वे के लिए अंतिम क्षणों में किया जाएगा। चयनित विद्यालय के कक्षा तीन से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों का सर्वे किया जाएगा।

(समाप्त)